Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide solar energy equipments to farmers in remote rural areas of the country.-laid

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): भारत कृषि प्रधान देश है। ज्यादातर किसान सिंचाई के लिए बिजली पर ही निर्भर रहते हैं। वन क्षेत्रों/वनग्रामों,दूरस्थ ग्रामीण अंचल में किसानों को घरों एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती है जिसका प्रमुख कारण लंबी दूरी से बिजली की सप्लाई किया जाना है। इसके कारण लाईनलॉस और लोवोलटेज की समस्या बहुत ज्यादा होती है। आंधी तूफान में तारों के टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित होती है। गर्मी के दिनों में तारों के टकराने से जंगलों में अगजनी की घटनाएं होती है। इस कारण लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इस कारण किसान सोलरपंपो की ओर जा रहे है किंतु सरकार द्वारा कोटा कम होने और आवेदन अधिक होने के कारण किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। वनग्रामों में बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा कोटा बढ़ाते हुए सौर ऊर्जा के उपकरण विशेष प्रकरण मानते हुए प्राथमिकता से किसानों को प्रदान किये जाये एवं जिन किसानों ने नवीन कूप/नलकूप खनन किये है सौर ऊर्जा उपकरण प्रदान कर ज्यादा से ज्यादा किसानों को राहत दी जाये ताकि किसान बिजली की कमी से होने वाले नुकसान से बचें एवं आर्थिक रूप से सक्षम बने।